उत्तर प्रदेश नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
Website-www.upnursescouncil.org Email-upnursescouncil@upsmfac.org
Phone : 0522 - 2238846, +91-9151024462

पत्रांक संख्या–1761/25 दिनांक 01.09.25

सेवा मे,

प्रधानाचार्य,
यूनाइटेड इन्स्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइंसेस,
रावतपुर, झलवा,
प्रयागराज ।

विषय–पोस्ट बेसिक बी0एससी0–नर्सिंग पाठ्यक्रम में 40 सीट हेतु अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–I/1060472/2025 71–4099/67/2025 चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4–चिकित्सा शिक्षा विभाग दिनाँक 18 अगस्त, 2025 एवं इण्डियन नर्सिग कौंसिल, नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु उ0प्र0 नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल द्वारा कराये गये स्थलीय निरीक्षण दिनाँक 27.08.2025 के आधार पर शिवरामदास गुलाटी मेमोरियल सोसाइटी द्वारा प्रस्तावित यूनाइटेड इन्स्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइंसेस, रावतपुर, झलवा, प्रयागराज को पोस्ट बेसिक बी0एससी0–नर्सिंग की 40 सीट का पाठ्यक्रम संचालित किये जाने हेतु अनुमति शासनादेश में वर्णित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है। उक्त पाठ्यक्रम को संचालित करने की अनुमति संस्था द्वारा निरीक्षक दल को दर्शाये गये संसाधनों तथा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों के आधार पर निरीक्षक दल द्वारा की गई संस्तुति पर दी जा रही है। यदि नर्सिग कौंसिल को किसी भी समय यह ज्ञात होता है कि आप द्वारा कोई तथ्य छुपाये गये है अथवा मान्यता/सम्बद्वता हेतु छद्म प्रपत्रों, संसाधनों का सहारा लिया गया है तो नियमानुसार मान्यता/सम्बद्वता समाप्त करते हुए आपके विरूद्व यथोचित कार्यवाही की जायेगी। इण्डियन नर्सिग कौंसिल, नई दिल्ली के द्वारा धारा 13 एवं 14 के अन्तर्गत भी संस्थान का निरीक्षण किया जायेगा।

अतः यूनाइटेड इन्स्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइंसेस, रावतपुर, झलवा, प्रयागराज के प्रशिक्षण केन्द्र में 40 सीट प्रतिवर्ष भर्ती क्षमता के पोस्ट बेसिक बी0एससी0–नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु प्रदान की गयी अनुमति के क्रम में अभ्यर्थियों के प्रवेश प्रक्रिया हेतु सम्बद्ध विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें। प्रतिवर्ष संबद्धता शुल्क रू0 35,000+18% GST इस कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करते रहे, जिससे कि बैच उत्तीर्ण होने के पश्चात् उ0प्र0 नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल द्वारा पंजीकरण किया जा सके।

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रार,
उ0प्र0 नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल।

पत्र संख्या– दिनाँक–

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव, भारतीय उपचर्या परिषद, आठवॉ तल, एनबीसीसी सेन्टर, प्लाट नं. 2, कम्यूनिटी सेन्टर, ओखला फेज–1, नई दिल्ली–110020
2. कुलसचिव, यूनाइटेड विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0।

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रार,
उ0प्र0 नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल।